**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**12.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए दी 11 हजार 7 सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी।
- केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा आज से हिमाचल दौरे पर–कल शिमला में करेंगे पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है सरकार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट–प्रदेश हित के मुद्दों पर हुई चर्चा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–विपक्ष को उसका काम न सिखाएं मुख्यमंत्री।

## मंत्रिमंडल–जनगणना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगी। वैष्णव ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई.ओ.एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा। जनगणना 2027 में देश की पूरी आबादी को शामिल किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक घर तक जनगणना कर्मी पहुंचेंगे।

## नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचे। नड्डा कल शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। इसके उपरान्त जे.पी. नड्डा का शिमला के पीटर हॉफ में प्रदेश भाजपा नागरिक अभिनंदन करेगी। जे.पी. नड्डा का शिमला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक का भी कार्यक्रम है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार में एनडीए और भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जगत प्रकाश नड्डा पहली बार हिमाचल आ रहे हैं, ऐसे में पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उनका भव्य अभिनंदन करेंगे। इससे पूर्व राजीव बिंदल ने आज शिमला में पार्टी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और पार्टी कार्यालय के प्रस्तावित शिलान्यास स्थल का भी दौरा किया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में पवन उर्जा और सौर उर्जा पर भी प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज शिमला में जनजातीय सलाहकार समिति

की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय मामलों के मंत्री जगत सिंह नेगी ने निगुलसेरी में नई सड़क का प्रस्ताव रखा है जिस पर सरकार जल्द ही काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने जयराम ठाकुर से प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रूपए के राहत पैकेज को जल्द दिलाने में मदद की भी अपील की। उन्होंने कहा कि केन्द्र से मिलने वाली सहायता से सबसे ज्यादा लाभ सराज के आपदा प्रभावितों को ही होगा।

**धूमल**

पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि सहकरिता ग्रामीण क्षेत्रों की धुरी है और सहकारिता से जुड़े पदाधिकारियों को पारदर्शिता, सेवा भाव और दक्षता के साथ जनहित में कार्य करते रहना चाहिए। धूमल आज समीरपुर स्थित अपने निवास पर उनसे मिलने आए हमीरपुर सहकारिता विकास संघ के नवनिर्वाचित निदेशकों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर इन नवनिर्वाचित निदेशकों ने कहा कि प्रोफैसर धूमल के कार्यकाल में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए। उन्होंने ये भी कहा कि प्रोफैसर धूमल की नीतियों ने हमीरपुर सहकारिता विकास संघ को विकास की दिशा में नई पहचान दिलाई।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को हिमाचल में चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान की जानकारी दी और राज्य के हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि नशा मुक्त अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों और समुदायों को व्यापक रूप से जोड़ा जा रहा है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को टीबी मुक्त हिमाचल अभियान की उपलब्धियों और विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनका संवाद अत्यंत सार्थक रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री का समय देने और हिमाचल के प्रति निरंतर संवेदनशीलता व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वह जनता की आवाज बनकर सरकार के हर उस काम का विरोध करेंगे जो जनहित में नहीं होगा। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विपक्ष को उसका काम न सिखाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को आजकल विपक्ष द्वारा सवाल पूछने से भी आपत्ति होने लगी है। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि विपक्ष मुख्यमंत्री के हिसाब से नहीं चलेगा। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की मण्डी में आयोजित संकल्प रैली में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला और इसमें भाजपा की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने सरकार पर कर्मचारियों और अधिकारियों को धमकाने का आरोप भी लगाया।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्यसभा में हिमाचल प्रदेश में पीएमजीएसवाई–4 के अंतर्गत सड़कों के निर्माण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश में 2 हजार 2 सौ 47 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से 4 सौ 29 बस्तियों को सड़क सुविधा से जोड़ने का प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन है। इन बस्तियों के लिए 2 सौ 94 सड़कों का निर्माण किया जाना है जिनकी कुल प्रस्तावित लम्बाई एक हजार 5

सौ 38 किलोमीटर है। सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एक हजार 9 सौ 45 पात्र बस्तियों का सर्वेक्षण किया गया है जिनकी जांच मंत्रालय द्वारा की जानी है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि जल संरक्षण केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि मानव जीवन की निरंतरता का मूल आधार है। धर्माणी आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की तड़ोन पंचायत में जिला स्तरीय वॉटरशेड महोत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने जल प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रसायनों और मानवजनित गतिविधियों से जल स्रोत प्रभावित हो रहे हैं जिन्हें बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर....**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए दी 11 हजार 7 सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी।
- केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा आज से हिमाचल दौरे पर–कल शिमला में करेंगे पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है सरकार।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट–प्रदेश हित के मुद्दों पर हुई चर्चा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–विपक्ष को उसका काम न सिखाएं मुख्यमंत्री।